बिहार सरकार

अनु0जाति एवं अनु0जनजाति कल्याण विभाग

सं0–6 / निदे0–DA-JGUA–38–02 / 2025– 292

प्रेषक,

संदीप कुमार आर0 पुडकलकट्टी,

सरकार के सचिव

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,

वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना।

पटना, दिनांक– 27/01/2026

विषयः–वित्तीय वर्ष 2025–26 में केन्द्र प्रायोजित योजनान्तर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DA-JGUA) के तहत् ₹08.00 लाख (आठ लाख रू0) मात्र के व्यय की स्वीकृति।

आदेश–स्वीकृत

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक–11015 / 04 / 2024–PVTG दिनांक–12.09.2025 के द्वारा विमुक्त राशि के आलोक में केन्द्र प्रायोजित योजनान्तर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DA-GJUA) के Sickle Cell Disease awareness/ToT तहत् ₹08.00 लाख (आठ लाख रू0) मात्र के व्यय की स्वीकृति संलग्न विवरणी के अनुसार प्रदान की जाती है।

2–जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक–11015 / 04 / 2024–PVTG दिनांक–12.09.2025 के आलोक में स्वीकृत क्रियाकलाप / गतिविधियों पर राशि व्यय की जाएगी।

3–वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंतर्गत मुख्य शीर्ष 2225–अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गो और अल्पसंख्यकों का कल्याण–02–अनुसूचित जनजातियों का कल्याण–102–आर्थिक विकास–0203–धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए)–3106–सहायक अनुदान गैर वेतन विपत्र कोड–44–2225.02.102.0203 के अन्तर्गत विकलनीय होगा।

4–वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–2561 दिनांक–17.4.1998 एवं केन्द्र सरकार द्वारा निर्गत मार्गदर्शिका तथा राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत अन्य परिपत्रों में निहित निदेश के आलोक में राशि की निकासी एवं व्यय किया जायेगा।

5–इस राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, अवर सचिव, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, बिहार, होंगे।

6–प्रस्ताव में आतंरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका सं0–6 / निदे0–DA-JGUA–38–02 / 2025 के पृ0–............ / टि0 पर प्राप्त है।

7–वित्त विभाग के पत्र संख्या–5295 दिनांक–09.05.2025 के आलोक में स्वीकृत राशि के विरूद्ध आवंटन एवं व्यय की कार्रवाई CFMS 2.0 के SNA SPARSH Module के माध्यम से किया जाएगा।

अनु0–यथो0।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

(संदीप कुमार आर0 पुडकलकट्टी)

सरकार के सचिव

ज्ञापांक–6 / निदे0–DA-JGUA–38–02 / 2025– 292 **पटना, दिनांक–**27/01/2026

प्रतिलिपि–वित्त विभाग, बजट शाखा / योजना एवं विकास विभाग / सचिव, स्वास्थ्य विभाग / निदेशक, अनुसूचित जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग / कार्यपालक निदेशक, स्वास्थ्य विभाग / प्रभारी पदा0, बजट शाखा, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग / प्रशाखा पदा0–8डी0 / सांख्यिकी शाखा / आई0 टी0 मैनेजर, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

27.01.26

सरकार के सचिव